**Need to start direct flight services between Birsi Airport, Gondia, Maharashtra and Delhi- Laid**

श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) **:** मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहती हूं जो मेरे निर्वाचन क्षेत्र, बालाघाट- सिवनी के समीप गोंदिया,महाराष्ट्र बिरसी हवाई अड्डे से संबंधित है । वर्तमान में, बिरसी से केवल हैदराबाद के लिए ही हवाई सेवा उपलब्ध है । इस क्षेत्र के नागरिकों को दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण शहर तक पहुँचने में कठिनाई हो रही है । बालाघाट और आसपास के क्षेत्र के लोग व्यावसायिक, शैक्षिक, और स्वास्थ्य कारणों से दिल्ली का सफर करते हैं । लेकिन, एकमात्र हैदराबाद के लिए उपलब्ध फ्लाइट सेवा उनके लिए एक सीमित विकल्प साबित हो रही है । इस कारण उन्हें लंबी दूरी और समय की बर्बादी होती है । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि बिरसी हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए सीधी फ्लाइट सेवा शुरू की जाए । इससे न केवल इस क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास में भी मदद मिलेगी । इस प्रकार की हवाई सेवा से व्यापारिक और पर्यटन संबंधी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा । मैं विश्वास करती हूं कि सरकार इस दिशा में शीघ्र कदम उठाएगी और इस क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देगी ।